देश में नौवहन दुर्घटनाएं

1153. **श्री अमर सिंह बी० राठवा :** क्या नौवहन और परिवहन मंत्री यह बताने कृपा करेंगे कि :

(क) देश में मार्च, 1977 से आज तक कितनी नौवहन दुर्घटनाएं हुई ;

(ख) कितने व्यक्ति हताहत हुए ;

(ग) हताहतों के परिवारों को कितना मुआवजा दिया गया;

(घ) दुर्घटनाओं के कारण क्या थे ; और

(ङ) इन दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सरकार ने क्या उपाय किये हैं ?

नौवहन और परिवहन मंत्री (श्री चांद राम) : (क) 37 समुद्रगामी भारतीय जहाजों की समुद्री दुर्घटनाएं हुई ।

(ख) चार व्यक्तियों की मृत्यु हुई और 68 लापता बताए गए ।

(ग) नाविक के पद तथा उसकी सेवा अवधि के अनुसार प्रत्येक मामले में क्षतिपूर्ति की राशि अलग-अलग होती है । प्रतिपूर्ति की राशि नौवहन कम्पनियों द्वारा सीधी नाविक अथवा उसके निकटतम संबंधी को दी जाती हैं । 69 व्यक्तियों के संबंध में जानकारी देने वाला विवरण सभा पटल पर रखा है [ग्रन्थालय में रखा गया । देखिये संख्या एल टी-1655/78] । चार व्यक्तियों के संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही हैं और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

(घ) धसना, टक्कर होना, आग लगना ।

(ङ) दुर्घटनाओं की प्रारंभिक और औपचारिक जांच, जैसा भी आवश्यक समझा जाता है, की जाती है । जांच के बाद जो निष्कर्ष निकले, उसके आधार पर नाविकों के लाभ के लिए जहां कहीं आवश्यक हो, नोटिस जारी किए जाते हैं ताकि उस प्रकार की दुर्घटना फिर न हो ।

Czechoslovakia know-how for manufacture of large cement plants

1154. SHRI MADHAVRAO SCINDIA: Will the Minister of INDUSTRY be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Government of Czechoslovakia have agreed to provide know-how for manufacture of large cement plants in this country; and

(b) if so, the terms and conditions of the agreement?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INDUSTRY (KUMARI ABHA MAITI): (a) and (b). In order to promote utilisation of capacities of Heavy Engineering Corporation, Ranchi (HEC), it has been agreed in recent discussios which took place at Delhi with the Czechoslovak Minister of Metallurgy and Heavy Engineering, that Czechoslovakia will import rolling mill and coke-oven equipment from HEC and provide assistance to H.E.C. for the manufacture of large capacity cement plants.

समाचार पत्रों द्वारा अखबारी कागज की खरीद

1155. **श्री नटवरलाल बी० परमार :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान उन मांगों को प्रकाशित करने वाले प्रेस समाचारों की ओर गया है कि समाचार पत्रों को राज्य व्यापार निगम की अपेक्षा अन्य एजेंसियों से

अखबारी कागज खरीदने की अनुमति मिलनी चाहिए ताकि वे इस निगम द्वारा लिया जाने वाला 3 प्रतिशत कमीशन बचा सकें ; और

(ख) यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लाल कृष्ण अडवाणी) : (क) जी, हां ।

(ख) विवरण संलग्न है ।

विवरण

राज्य व्यापार निगम के अलावा अन्य साधनों से अखबारी कागज प्राप्त करने के लिए समाचारपत्रों को मंजूरी की सम्भाव्यता की, 1977–78 के लिए अखबारी कागज सम्बन्धी नीति को अन्तिम रूप देते समय ध्यान में रखा गया था । यह देखा गया कि राज्य व्यापार निगम के द्वारा आयातित अखबारी कागज को सारणीबद्ध करना लाभदायक है और इसे जारी रखा जाए । अखबारी कागज को राज्य व्यापार निगम के द्वारा सारणीबद्ध करने के निम्नलिखित फायदे हैं :—

1. बहुत बड़े संसाधनों वाला एक केन्द्रीय संगठन ही प्रतियोगी और सस्ते मूल्यों पर विभिन्न विदेशी सम्भारकों से लम्बे अरसे के अनुबन्ध में शामिल हो सकेगा ।

2. बड़े समाचार पत्रों को छोड़ कर यह छोटे मााचारपत्रों के साधनों और क्षमता से परे होगा कि वे विदेशी सम्भारकों के साथ अनुबन्ध में शामिल हो सकें और वह भी कम मात्रा में ।

3. राज्य व्यापार निगम के द्वारा प्राप्ति और वितरण करने से छोटे और मझोले समाचारपत्रों, प्रक्रियात्मक तथा वित्तीय असुविधाओं से बच गये हैं जिनका उन्हें अन्यथा अनुभव करना पड़ता ।

सीमेंट उत्पादक कारखानों के निर्माण के लिये चैकोस्लोवाकिया द्वारा सहायता

1156. **श्री सुरेन्द्र विक्रम** : क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या चैकोस्लोवाकिया सरकार सीमेंट उत्पादक कारखानों के निर्माण में हैवी इंजीनियरिंग निगम, रांची को सहायता देने के लिये सहमत हो गई है ;

(ख) यदि हां, तो इसके परिणामस्वरूप सीमेंट का कितना उत्पादन बढ़ सकेगा ;

(ग) इस करार की मुख्य शर्तें क्या हैं ?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (कुमारी आभा माईति) : (क) से (ग). हैवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन, रांची की क्षमताओं का उपयोग बढ़ाने के लिए चैकोस्लोवाकिया के धातुकर्म और भारी इंजीनियरिंग मंत्री के साथ दिल्ली में हाल ही में हुए विचार-विमर्श के दौरान इस बात पर सहमति हो गई है कि चेकोस्लोवाकिया रोलिंग मिल और कोक ओवन इक्विपमेंट का हैवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन से आयात करेगा और अधिक क्षमता के सीमेंट संयंत्रों का निर्माण करने के लिए एच०ई०सी० को सहायता देगा । सीमेंट का उत्पादन बढ़ाने के लिए बड़ी क्षमता के इन सीमेंट संयंत्रों की आवश्यकता है । एच०ई०सी० द्वारा दी गई मशीनों से उत्पादन में वृद्धि करती होगी, यह सीमेंट उद्योग द्वारा एच०ई०सी० को दिए गए आर्डरों पर निर्भर करेगा ।

ऊर्जा का विकल्प

1157. **श्री युवराज** : क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बहुत अधिक तेल मूल्यों से ऊर्जा की लागत बहुत अधिक बढ़ गई है ;